प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

लिंग संवेदीकरण और महिला नेतृत्व विस्तार पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रारम्भ

पंतनगर, 20 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के कृषि संचार विभाग में 'लिंग संवेदीकरण और महिला नेतृत्व विस्तार' पर सहयोगात्मक पांच–दिवसीय 20 से 24 जनवरी, 2025 तक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिष्ठाता कृषि डा. एस. के. कश्यप, मैनेज, हैदराबाद में उप निदेशक (लिंग अध्ययन) डा. वीनीता कुमारी और सहायक प्राध्यापक और स्थानीय प्रशिक्षण समन्वयक डा. अर्पिता एस. कांडपाल ने किया।

डा. वीनीता कुमारी ने कार्यक्रम की रूप–रेखा बतायी तथा लिंग–समावेशी कृषि, महिलाओं के नेतृत्व वाले विस्तार दृष्टिकोण और पारंपरिक कृषि प्रथाओं को एकीकृत करने पर बल दिया। उन्होंने सतत कृषि विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और जागरूकता और बदलाव को बढ़ावा देने में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। डा. एस. के. कश्यप ने कृषि में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और लैंगिक असमानताओं को दूर करने और महिलाओं को सशक्त बनाने में इस तरह की पहल के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, "यह कार्यक्रम कृषि में लिंग–संवेदनशील प्रथाओं की बारीकियों को समझने में सभी वैज्ञानिकों के लिए फायदेमंद होगा।"

कार्यक्रम समन्वय डा. अर्पिता एस. कांडपाल ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने के लिए सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव किया। प्रशिक्षण का प्रारम्भ आईवीआरआई, बरेली के प्रधान वैज्ञानिक डा. महेश चंद्र के व्याख्यान से हुआ। उन्होंने 'कृषि में महिला नेतृत्व पर समुदाय की बदलती धारणा' की बात कही, जिसमें महिला नेतृत्व के लाभों, उनके सामने आने वाली चुनौतियों और बाधाओं को दूर करने की रणनीतियों के बारे में अभिनव अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। सत्र में बहुलवादी विस्तार दृष्टिकोण, पशुधन सीखने की प्रयोगशाला और परिवर्तन ढांचे के सिद्धांत जैसे विषयों को भी शामिल किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुल 62 वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया, जिसका उद्देश्य जागरूकता बढाना, सहयोग को प्रोत्साहित करना और समावेशी कृषि विकास के लिए रणनीतियों को बढावा देना है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑनलाइन अधिकारी।

निदेशक संचार